छत्तीसगढ़ विधान सभा

पत्रक भाग - एक

संक्षिप्त कार्य विवरण

चतुर्थ विधान सभा | सप्तम सत्र | अंक-14

रायपुर, रविवार, दिनांक 20 मार्च, 2016

(फाल्गुन 30, शक संवत् 1937)

विधान सभा पूर्वाह्न 11.00 बजे समवेत हुई।

(अध्यक्ष महोदय (श्री गौरीशंकर अग्रवाल) पीठासीन हुए।)

1. वर्ष 2016-2017 की अनुदान मांगों पर चर्चा (क्रमशः)

(1) श्रीमती रमशिला साहू, महिला एवं बाल विकास मंत्री ने महिला एवं बाल कल्याण से संबंधित व्यय से संबंधित मांग संख्या 55 एवं समाज कल्याण से संबंधित मांग संख्या 34 प्रस्तुत की।

मांग संख्या-55 पर सर्वश्री मोतीलाल देवांगन, बघेल लखेश्वर, जनकराम वर्मा, श्रीमती देवती कर्मा, श्री मोहन मरकाम, श्रीमती तेजकुंवर गोवर्धन नेताम मांग संख्या-34 पर सर्वश्री बघेल लखेश्वर, जनकराम वर्मा, सदस्य के कटौती प्रस्ताव प्रस्तुत हुए।

मांगों और कटौती प्रस्तावों पर एक साथ चर्चा प्रारंभ हुई।

श्री रामदयाल उइके, सदस्य ने चर्चा प्रारंभ की।

निम्नलिखित सदस्यों ने चर्चा में भाग लिया :-
श्रीमती सरोजनी बंजारे,

(सभापति महोदय (श्री संतोष बाफना) पीठासीन हुए।)

सर्वश्री मोहन मरकाम, श्रीचंद सुंदरानी, देवजी भाई पटेल, डॉ.(श्रीमती) रेणु जोगी, श्री चुन्नीलाल साहू(खल्लारी),

(अध्यक्ष महोदय (श्री गौरीशंकर अग्रवाल) पीठासीन हुए।)

श्रीमती तेजकुंवर गोवर्धन नेताम, श्रीमती केराबाई मनहर, श्री केशव चंद्रा, श्रीमती देवती कर्मा, डॉ. विमल चोपड़ा, श्री अमरजीत भगत।

श्रीमती रमशिला साहू, महिला एवं बाल विकास मंत्री ने चर्चा का उत्तर दिया।

(सभापति महोदय (श्री देवजी भाई पटेल) पीठासीन हुए।)

कटौती प्रस्ताव अस्वीकृत हुए।
मांगों का प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

(2) श्री महेश गागड़ा, वन मंत्री ने न्याय प्रशासन एवं निर्वाचन से संबंधित मांग संख्या 29 एवं वन से संबंधित मांग संख्या 10 प्रस्तुत की।

मांग संख्या-29 पर श्री सियाराम कौशिक मांग संख्या-10 पर सर्वश्री सत्यनारायण शर्मा, सियाराम कौशिक, अमरजीत भगत, मोहन मरकाम, बघेल लखेश्वर, चुन्नीलाल साहू(अकलतरा), जनकराम वर्मा, उमेश पटेल, राजेन्द्र कुमार राय, श्रीमती तेजकुंवर गोवर्धन नेताम सदस्य के कटौती प्रस्ताव प्रस्तुत हुए।

मांगों और कटौती प्रस्तावों पर एक साथ चर्चा प्रारंभ हुई।

श्री अमरजीत भगत, सदस्य ने चर्चा प्रारंभ की।

(सभापति महोदय (श्री संतोष बाफना) पीठासीन हुए।)

निम्नलिखित सदस्यों ने चर्चा में भाग लिया :-
सर्वश्री देवजी भाई पटेल, कवासी लखमा, श्याम बिहारी जायसवाल,

(सभापति महोदय (श्री देवजी भाई पटेल) पीठासीन हुए।)

सर्वश्री चुन्नीलाल साहू(अकलतरा), भोजराज नाग, संतराम नेताम, श्रवण मरकाम, राजेन्द्र कुमार राय, रोहित कुमार साय, श्यामलाल कंवर, अशोक साहू, डॉ.(श्रीमती) रेणु जोगी, डॉ. विमल चोपड़ा, श्री शिवरतन शर्मा, श्री भूपेश बघेल।

श्री महेश गागड़ा, वन मंत्री ने चर्चा का उत्तर दिया।

(अध्यक्ष महोदय (श्री गौरीशंकर अग्रवाल) पीठासीन हुए।)

कटौती प्रस्ताव अस्वीकृत हुए।
मांगों का प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

(3) श्री दयालदास बघेल, सहकारिता मंत्री ने सहकारिता से संबंधित मांग संख्या 17, संस्कृति विभाग से संबंधित व्यय से संबंधित मांग संख्या 26, पर्यटन से संबंधित मांग संख्या 37 प्रस्तुत की।

मांग संख्या-26 पर श्री बघेल लखेश्वर, सदस्य का कटौती प्रस्ताव प्रस्तुत हुआ।

मांगों और कटौती प्रस्ताव पर एक साथ चर्चा प्रारंभ हुई।
श्री सत्यनारायण शर्मा, सदस्य ने चर्चा प्रारंभ की।

2. सदन को सूचना

माननीय अध्यक्ष ने सदन को सूचित किया कि सोमवार दिनांक 21 मार्च, 2016 को सायं 4.30 बजे से विधान सभा परिसर में होली मिलन कार्यक्रम रखा गया है। इस अवसर पर प्रसिद्ध कवि कुमार विश्वास को आमंत्रित किया गया है और फाग गीत का कार्यक्रम भी होगा। मेरा समस्त माननीय सदस्यों को परिवार सहित, विधान सभा सचिवालय परिवार, राज्य शासन के वरिष्ठ अधिकारियों, पत्रकारों से अनुरोध है कि होली मिलन कार्यक्रम में सम्मिलित हों।

3. वर्ष 2016-2017 की अनुदान मांगों पर चर्चा (क्रमश:)

निम्नलिखित सदस्यों ने चर्चा में भाग लिया:-

सर्वश्री राजमहंत सांवलाराम डाहरे, शिवरतन शर्मा,

(माननीय अध्यक्ष ने सदन की सहमति से कार्य सूची में दर्ज पद क्रमांक 3 का कार्य पूर्ण होने तक सदन के समय में वृद्धि की घोषणा की)

सर्वश्री बघेल लखेश्वर, मोहन मरकाम, केशव चंद्रा (डॉ.) विमल चोपड़ा, रामदयाल उइके, देवजी भाई पटेल, श्रवण मरकाम, श्याम बिहारी जायसवाल, (डॉ.) खिलावन साहू, नवीन मारकण्डेय, अशोक साहू, राजेन्द्र कुमार राय, रामलाल चौहान।

श्री दयालदास बघेल, सहकारिता मंत्री ने चर्चा का उत्तर दिया।

कटौती प्रस्ताव अस्वीकृत हुए।
मांगों का प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

रात्रि 8.17 बजे विधान सभा की कार्यवाही सोमवार, दिनांक 21 मार्च, 2016 (चैत्र-1, शक संवत् 1938) के पूर्वाह्न 11.00 बजे तक के लिए स्थगित की गई ।

देवेन्द्र वर्मा
प्रमुख सचिव
छत्तीसगढ़ विधान सभा